सं0 7 स्था0 (5) वर्ग–04– 03/2021–1416(नि0)––पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के आदेश, ज्ञापांक–7 स्था0 (5) वर्ग–04– 03/2021– 2052 (नि0), दिनांक–16.07.2021 के क्रमांक–02 पर अंकित अभ्यार्थी का नाम श्री रामापति लाल कर्ण के स्थान पर रमापति लाल कर्ण पढ़ा एवं समझा जाय। उक्त आदेश की सभी कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

2. आदेश, ज्ञापांक–7 स्था0 (5) वर्ग–04– 03/2021– 399 (नि0), दिनांक–01.02.2021 के क्रमांक–06 पर अंकित अभ्यार्थी का नाम श्रीमती कामनी कुमारी के स्थान पर श्रीमती कामिनी कुमारी पढ़ा एवं समझा जाय। उक्त आदेश की सभी कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

3. यह आदेश जन शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–526, दिनांक–04.04.2022 एवं 435, दिनांक–23.03.2021 के द्वारा शुद्धि पत्र निर्गत किये जाने के फलस्वरूप उक्त के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

4. प्रस्ताव पर निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,

(ह0) अस्पष्ट, संयुक्त निदेशक (मु0)।

———

9 मई 2022

सं0 7 स्था0 (2) अनुक0 –17/2021–1616(नि0)––पशुपालन निदेशालय के आदेश–सह–पठित ज्ञाप संख्या–7 स्था0 (5) 04/2015– 2606 (नि0), दिनांक–29.06.2019 की कंडिका–1 में ''जिला पशुपालन कार्यालय, अररिया के अन्तर्गत में वर्ग–03 (तीन) लिपिक के पद पर पदस्थापित किया जाता है'' के स्थान पर शुद्ध रूप में ''पशु शल्य चिकित्सालय, अररिया में निम्न वर्गीय लिपिक (वर्ग–03) के पद पर पदस्थापित किया जाता है'' पढ़ा एवं समझा जाय।

2. तद्नुसार पशु शल्य चिकित्सक, अररिया के द्वारा योगदान स्वीकर करते हुए अग्रेतर कार्रवाई किया जाय।

3. उक्त आदेश में अंकित अन्य सभी शर्त्तें यथावत रहेगी।

4. प्रस्ताव में निदेशक, पशुपालन का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,

(ह0) अस्पष्ट, संयुक्त निदेशक (मु0)।

———

6 मई 2022

सं0 7 स्था0 (5) वर्ग–04–03/2021–1595(नि0)––पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के आदेश, ज्ञापांक–7 स्था0 (5) वर्ग–04– 08/2021– 1324 (नि0), दिनांक–12.04.2022 के क्रमांक–4 पर भूलवश अभ्यार्थी एवं उनके पिता का नाम श्री जवाहर प्रसाद यादव, पिता–स्व0 भागवत प्रसाद यादव के स्थान पर श्री जवाहर यादव, पिता–स्व0 भागवत यादव अंकित हो गया है।

अतः निदेशालय पत्रांक–1324 (नि0), दिनांक–12.04.2022 के क्रम संख्या–4 पर अंकित अभ्यार्थी का नाम एवं पिता का नाम तदानुसार संशोधित माना/पढ़ा जाय। शेष यथावत रहेगा।

2. यह आदेश जन शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–477, दिनांक–30.03.2022 के द्वारा शुद्धि पत्र निर्गत किये जाने के फलस्वरूप उक्त के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

3. प्रस्ताव पर निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,

(ह0) अस्पष्ट, संयुक्त निदेशक (मु0)।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 21—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

भाग-9-ख

निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि ।

सूचना

———————

सं0 909––मैं नेहा, पिता–शैलेन्द्र कुमार दलदली रोड, दानापुर, पटना कार्यपालक दंडाधिकारी, दानापुर शपथ पत्र संख्या 10132 दिनांक 18/05/2022 के द्वारा घोषणा करती हूँ कि अब मैं नेहा कुमार के नाम से जानी जाऊँगी।

नेहा।

No. 909-- I, NEHA D/o Shailendra Kr. R/0 Daldali Road, Danapur, Patna have changed my name as Neha Kumar vide affidavit no. 10132 dated 18.05.2022 sworn before Executive Magistrate, Danapur.

NEHA.

———————

सं0 910––मै रजनी रौशन, पिता–परमेश्वर दयाल, पति पिंटु कुमार, निवासी–मखनिया कुआं, नियर मस्जिद थाना–पीरबहोर, पटना, बिहार शपथ पत्र सं0 1034/25.06.2022 द्वारा सूचित करती हूँ कि शादी के पहले मै रजनी दयाल के नाम से जानी जाती थी इसी नाम से मेरा शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र निर्गत है। शादी के बाद मैं रजनी रौशन के नाम से जानी व पहचानी जाऊँगी। यही नाम सभी जगह इस्तेमाल कर रही हूं। आधार कार्ड सं0–469909761378 में मेरा नाम रजनी रौशन ही है।

रजनी रौशन।

———————

No. 911––I, Aryan sons of Sri Santosh Kumar Singh, resident of Parauna, P.S. Taraiya, Distt.-Saran 841424 vide Affidavit No.-3052 Date 6.7.22 that ARYAN is my name that now I will be known as ARYAN SINGH.

Aryan.

———————

सं0 916––मैं, कुमारी आनन्दी पति–नन्द किशोर, पता–किशोर सदन, रोड नं.–14, राजीव नगर, पटना–24, बिहार, शपथ–पत्र संख्या 4059 दिनांक 05.07.2022 के द्वारा घोषणा करती हूँ कि आनन्दी किशोर और कुमारी आनन्दी दोनों एक ही महिला है। मेरा सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पैन, आधार इत्यादि कुमारी आनन्दी के नाम से है। अब से मैं कुमारी आनन्दी के नाम से जानी जाउंगी।

कुमारी आनन्दी।

No. 916––I, Kumari Anandi, W/o Nand Kishore R/o Kishore Sadan, Road No.-14, Rajiv Nagar, Patna-24, Bihar declare that vide affi. No. 4059 dt. 05.07.2022 Anandi Kishore and Kumari Anandi both are same and one person. My all educational Certificate, PAN, Aadhar etc. are in the favour of Kumari Anandi. Now I will be known as Kumari Anandi.

Kumari Anandi.

———————

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय

बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।

बिहार गजट, 21—571+10-डी0टी0पी0।

Website: http://egazette.bih.nic.in

बिहार गजट
का
पूरक(अ0)
प्राधिकारी द्वारा प्रकाशित

सं0 27/आरोप–01–40/2021–सा0प्र0–10010
सामान्य प्रशासन विभाग

संकल्प
20 जून 2022

श्री प्रमोद कुमार (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 640/11 के विरूद्ध जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, सहरसा के पदस्थापन काल से संबंधित आरोपों (अधिप्राप्ति किये गये धान के गबन करने, अधिप्राप्ति को क्षतिग्रस्त कराने एवं जमा राशि के आलोक में खाद्यान्न का उठाव नहीं करने से संबंधित आरोप खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 8728 दिनांक 18.11.2014 द्वारा प्रपत्र–'क' में उपलब्ध कराते हुए विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने की अनुशंसा की गयी।

2. मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय स्तर पर आरोप गठित कर अनुशासनिक प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त किया गया तथा विभागीय पत्रांक–12833 दिनांक–28.08.2015 द्वारा श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री कुमार द्वारा पत्रांक–729 दिनांक–16.12.2015 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। विभागीय पत्रांक 3404 दिनांक 04.03.2016 द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना से श्री कुमार के स्पष्टीकरण पर मंतव्य की मांग की गयी। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पत्रांक 1613 दिनांक 29.03.2017 से प्राप्त मंतव्य में श्री कुमार के स्पष्टीकरण को स्वीकार योग्य नहीं बताया गया है। गठित आरोप पत्र, श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंतव्य के समीक्षोपरान्त अनुशासनिक प्राधिकार के अनुमोदन से विभागीय संकल्प ज्ञापांक 6254 दिनांक 25.05.2017 द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी जिसमें आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

3. आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा के ज्ञापांक 819 दिनांक 28.07.2021 द्वारा इस विभाग को जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ। आरोप संख्या–01 के संबंध में संचालन पदाधिकारी द्वारा यह अंकित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2012–13 में क्रय केन्द्रों पर उनके पदस्थापन काल में कुल 24764.18 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति की गयी थी। उनके द्वारा शत प्रतिशत एस0आई0ओ0 निर्गत नहीं किया गया है। जिला प्रबंधक को सम्पूर्ण धान अधिप्राप्ति के लिए पूर्ण व्यवस्था एवं इसके अनुश्रवण का कर्त्तव्य एवं दायित्व था। इस आरोप को आंशिक रूप से प्रमाणित माना गया। आरोप संख्या–02 एवं 03 को प्रमाणित नहीं पाया गया।

4. जांच प्रतिवेदन की समीक्षा के उपरांत उससे सहमत होते हुए प्रमाणित आरोप संख्या 1 के लिए श्री प्रमोद कुमार से विभागीय पत्रांक 11765 दिनांक 05.10.2021 द्वारा जांच प्रतिवेदन पर बचाव बयान की मांग की गयी। श्री कुमार के पत्रांक 322 दिनांक 29.10.2021 द्वारा बचाव बयान समर्पित किया गया।

5. अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री प्रमोद कुमार के विरूद्ध गठित आरोप, संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं आरोपित पदाधिकारी के बचाव बयान के समीक्षोपरान्त बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14 के संगत प्रावधानों के तहत अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री प्रमोद कुमार (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 640/11, तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, सहरसा के विरूद्ध **''एक वेतनवृद्धि संचयात्मक प्रभाव से अवरूद्ध रखने''** का दंड विनिश्चित किया गया।

6. अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक 734 दिनांक 19.01.2022 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श/सहमति की मांग की गयी। आयोग के पत्रांक 186 दिनांक 06.06.2022 द्वारा आयोग का अभिमत प्राप्त हुआ, जिसमें आयोग द्वारा विभागीय दण्ड प्रस्ताव पर सहमति दी गयी है।

7. उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14 के संगत प्रावधानों के तहत श्री प्रमोद कुमार (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 640/11, तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, सहरसा को **''एक वेतनवृद्धि संचयात्मक प्रभाव से अवरूद्ध रखने''** का दंड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27 / ज०शि०–07–02 / 2021–सा0प्र0–10199

———

22 जून 2022

श्रीमती किरण सिंह, बि०प्र०से०, कोटि क्रमांक–1228 / 11, तत्कालीन अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, बांका के विरूद्ध आंगनबाड़ी सेविका / सहायिका के चयन से संबंधित श्रीमती अनामिका कुमारी के परिवाद पर विभागीय पत्रांक–9243 दिनांक–23.08.2021 द्वारा जिला पदाधिकारी, बांका से आरोप पत्र की मांग की गयी। जिला पदाधिकारी, बांका के पत्रांक–797 दिनांक–23.12.2021 द्वारा श्रीमती सिंह के विरूद्ध आरोप पत्र इस विभाग को उपलब्ध कराया गया।

प्रतिवेदित आरोप पत्र के आलोक में इस विभाग के स्तर से आरोप पत्र गठित करते हुए अनुशासनिक प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत विभागीय पत्रांक–3296 दिनांक– 04.03.2022 द्वारा श्रीमती सिंह से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उक्त के आलोक में श्रीमती सिंह का स्पष्टीकरण पत्रांक–272 दिनांक–26.03.2022 द्वारा प्राप्त हुआ।

श्रीमती किरण सिंह, बि०प्र०से०, कोटि क्रमांक–1228 / 11, तत्कालीन अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, बांका के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षोपरांत श्रीमती सिंह को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 14(3) के अंतर्गत भविष्य के लिये **चेतावनी** दी जाती है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27 / अमि0–03–03 / 2019–सा0प्र0–10290

———

23 जून 2022

श्री प्रदीप कुमार गुप्ता, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–732 / 11, तत्कालीन जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य निगम, भोजपुर के विरूद्ध उनके पदस्थापन काल दिनांक 26.06.2014 से दिनांक 15.11.2014 में सी0एम0आर0 गोदामों में भारी मात्रा में भंडारित खाद्यान्न का ससमय उपावंटन एवं उठाव नहीं करने, वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में अधिप्राप्ति किये गये चावल के 121837.237 क्विंटल के टी0पी0डी0एस0 में उपयोग हेतु मुख्यालय स्तर से निर्गत उपावंटन के विरूद्ध सी0एम0आर0 के निष्पादन में FIFO पद्धति का अनुपालन नहीं करने, स्थानान्तरित / सेवानिवृत होने वाले सहायक प्रबंधक से संबंधित सी0एम0आर0 गोदामों का प्रभार भी नहीं कराने के फलस्वरूप सी0एम0आर0 चावल की गुणवत्ता में ह्रास हुआ तथा सी0एम0आर0 का निष्पादन नहीं होने से निगम को आर्थिक क्षति होने संबंधित आरोप पत्र खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पत्रांक 3875 दिनांक 09.08.2017 द्वारा उपलब्ध कराया गया।

2. प्राप्त आरोप पत्र के आधार पर विभागीय स्तर से गठित एवं अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा अनुमोदित आरोप पत्र पर विभागीय पत्रांक 12541 दिनांक 26.09.2019 द्वारा श्री गुप्ता से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री गुप्ता के द्वारा पत्रांक 176 / 17 दिनांक 18.10.2017 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया।

3. श्री गुप्ता के स्पष्टीकरण के आलोक में विभागीय पत्रांक 14532 दिनांक 16.11.2017 द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से मंतव्य की मांग की गयी। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पत्रांक 1740 दिनांक 12.04.2022 द्वारा प्राप्त मंतव्य में श्री गुप्ता के स्पष्टीकरण को स्वीकार योग्य नहीं बताया गया है।

4. श्री गुप्ता के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण एवं उक्त स्पष्टीकरण पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से प्राप्त मंतव्य की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी और यह पाया गया कि श्री गुप्ता द्वारा गोदामों का ससमय निरीक्षण नहीं किया गया। साथ ही इनके द्वारा FIFO पद्धति का अनुपालन नहीं करने के कारण खाद्यान्नों की गुणवत्ता में कमी आई। समीक्षोपरान्त श्री प्रदीप कुमार गुप्ता, तत्कालीन जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य निगम, भोजपुर के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 (यथा संशोधित) के नियम–14(i) के तहत **निन्दन (आरोप वर्ष–2014)** तथा उपनियम–14(v) के प्रावधान के तहत **एक वेतनवृद्वि असंचयात्मक प्रभाव से अवरूद्व रखने** का निर्णय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिया गया है।

5. अतएव श्री प्रदीप कुमार गुप्ता, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–732 / 11 तत्कालीन जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य निगम, भोजपुर के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 (यथा संशोधित) के

नियम–14(i) के तहत **निन्दन (आरोप वर्ष–2014) तथा** उपनियम–14(v) के प्रावधान के तहत **एक वेतनवृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से अवरूद्ध रखने** का दण्ड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27 / आरोप–01–90 / 2021–सा0प्र0–10300

———

23 जून 2022

मो. गयासुद्दीन अंसारी (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक–685 / 11, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरौली, गोपालगंज के विरूद्ध बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति प्राप्त किये बगैर सरकारी वृक्षों की कटाई करने एवं उचित मूल्य से कम आकलन कर लकड़ी का मूल्य प्रतिवेदन प्रस्तुत करने संबंधी आरोप प्रतिवेदित किया गया।

प्रतिवेदित आरोप पत्र के आलोक में इस विभाग के स्तर से आरोप पत्र गठित करते हुए अनुशासनिक प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत विभागीय पत्रांक–16060 दिनांक–17.12.2021 एवं पत्रांक–4930 दिनांक–31.03.2022 द्वारा मो. अंसारी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। मो0 अंसारी के पत्र दिनांक–18.04.2022 द्वारा अपना स्पष्टीकरण इस विभाग को उपलब्ध कराया गया।

मो. गयासुद्दीन अंसारी (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक–685 / 11, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरौली, गोपालगंज के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षोपरांत मो. अंसारी के स्पष्टीकरण को स्वीकार योग्य नहीं पाते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (यथा संशोधित) के नियम 14(1) के संगत प्रावधानो के तहत **"निन्दन (आरोप वर्ष–2000–01)** का दण्ड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27 / आरोप–01–24 / 2021–सा0प्र0–10306

———

23 जून 2022

श्री नजर हुसैन, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–933 / 11, तत्कालीन भूमि सुधार उप समाहर्ता–सह–तत्कालीन प्रभारी अवर निबंधक, विक्रमगंज के विरूद्ध मद्य निषेद्य, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 4210 दिनांक 15.11.2021 द्वारा आरोप पत्र उपलब्ध कराया गया, जिसमें निबंधन कार्यालय, विक्रमगंज में फ्रैकिंग मशीन द्वारा कोर्ट शुल्क टिकट के राशि बैंक में न भेजकर जाली बैंक रशीद रजिस्टर में चिपकाये जाने संबंधी आरोप प्रतिवेदित है।

2. प्रतिवेदित आरोप पत्र के आधार पर विभागीय स्तर पर गठित एवं अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा अनुमोदित आरोप पत्र पर विभागीय पत्रांक 16129 दिनांक 20.12.2021 द्वारा श्री हुसैन से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री हुसैन द्वारा दिनांक 21.01.2022 से स्पष्टीकरण समर्पित किया गया।

3. श्री हुसैन के स्पष्टीकरण पर विभागीय पत्रांक 3401 दिनांक 07.03.2022 द्वारा मद्य निषेद्य, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना से मंतव्य की मांग की गयी। मद्य निषेद्य, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 2156 दिनांक 22.04.2022 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया।

4. श्री हुसैन के विरूद्ध गठित आरोप पत्र, उनके स्पष्टीकरण एवं मद्य निषेद्य, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना के मंतव्य की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षोपरान्त यह पाया गया कि निबंधन संबंधी दस्तावेजों में त्रुटि होना और निबंधन शुल्क के रूप में जमा रसीद का जाली पाया जाना दोनों अलग तथ्य है। राशि बैंक में जमा नहीं होने से सरकार को 64,105 / – रूपये की आर्थिक क्षति हुई। लेकिन कार्यालय प्रधान के रूप में श्री हुसैन द्वारा वित्तीय मामले में सतर्क होकर कार्य निष्पादित नहीं किया गया।

इस प्रकार श्री नजर हुसैन, तत्कालीन भूमि सुधार उप समाहर्ता–सह–तत्कालीन प्रभारी अवर निबंधक, विक्रमगंज के स्पष्टीकरण को असंतोषप्रद पाते हुए श्री हुसैन के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 (यथा संशोधित) के नियम–14 के संगत प्रावधानों के अंतर्गत **निन्दन (आरोप वर्ष 2018) की शास्ति** का निर्णय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिया गया है।

5. अतएव श्री नजर हुसैन, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–933 / 11, तत्कालीन भूमि सुधार उप समाहर्ता–सह–तत्कालीन प्रभारी अवर निबंधक, विक्रमगंज के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 (यथा संशोधित) के नियम–14 के अन्तर्गत **निन्दन (आरोप वर्ष 2018) की शास्ति** अधिरोपित एवं संसूचित की जाती है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27 / आरोप–01–49 / 2019–सा0प्र0–10320

———

23 जून 2022

श्री कुमार मिथिलेश प्रसाद सिंह, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 1018 / 11, तत्कालीन भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर पटना के पदस्थापन अवधि में सरकारी जमीन का गलत एवं अवैध रूप से लगान निर्धारण करने सम्बन्धित आरोपों के लिये आयुक्त, पटना प्रमण्डल, पटना के पत्रांक 943 दिनांक–03.11.2017 द्वारा आरोप पत्र प्रपत्र ''क'' गठित कर उपलब्ध कराया गया। श्री सिंह के विरूद्ध पत्रकार नगर थाना में प्राथमिकी संख्या–319 / 2017 दर्ज है। श्री सिंह को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–9(1)(क) एवं (ग) के प्रावधानों के तहत विभागीय संकल्प ज्ञापांक–9093 दिनांक–24.07.2017 द्वारा निलंबित किया गया।

2. प्रतिवेदित आरोपों पर विभागीय पत्रांक–14537 दिनांक–16.11.2017 द्वारा श्री सिंह से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उक्त के आलोक में श्री सिंह द्वारा स्पष्टीकरण दिनांक–01.12.2017 समर्पित किया गया। श्री सिंह के समर्पित स्पष्टीकरण पर विभागीय पत्रांक–15935 दिनांक–14.12.2017 द्वारा आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना से मंतव्य की मांग की गयी। उक्त के आलोक में आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना के पत्रांक–326 दिनांक–30.05.2018 द्वारा मंतव्य प्राप्त हुआ।

3. तत्पश्चात् अनुशासनिक प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत श्री कुमार मिथिलेश प्रसाद सिंह के विरूद्ध विभागीय संकल्प संख्या 12439 दिनांक 14.09.2018 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। इस विभागीय कार्यवाही में विभागीय जाँच आयुक्त (अब मुख्य जाँच आयुक्त), बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी, पटना द्वारा नामित किसी वरीय पदाधिकारी को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया। मुख्य जाँच आयुक्त, बिहार, पटना के पत्रांक 936 दिनांक 10.12.2021 द्वारा श्री सिंह के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही का जांच प्रतिवेदन समर्पित किया गया। संचालन पदाधिकारी द्वारा श्री सिंह के विरूद्ध आरोप पत्र प्रपत्र ''क'' में लगाये गये कुल 02 आरोपों में से आरोप संख्या 01 को प्रमाणित एवं आरोप संख्या 02 की प्रथम अनियमितता, तृतीय अनियमितता, चतुर्थ अनियमितता, पंचम अनियमितता को प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया एवं आरोप संख्या–02 के द्वितीय अनियमितता को प्रमाणित प्रतिवेदित नहीं किया गया।

4. संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन में प्रमाणित आरोपों के लिए श्री सिंह से विभागीय पत्रांक–844 दिनांक 21.01.2022 द्वारा लिखित अभिकथन / कारण पृच्छा की मांग की गयी।

5 उक्त के आलोक में श्री सिंह के पत्र दिनांक–08.02.2022 द्वारा लिखित अभिकथन / कारण पृच्छा समर्पित किया गया है, जिसमें उनके द्वारा लिखित अभिकथन / कारण पृच्छा को स्वीकार करते हुए दिनांक 22.06.2017 की यथास्थिति बनाए रखने का अनुरोध किया गया।

6. उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन एवं श्री सिंह द्वारा समर्पित लिखित अभिकथन / कारण पृच्छा की सम्यक समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त श्री सिंह द्वारा समर्पित लिखित अभिकथन / कारण पृच्छा से असहमत होते हुए संचालन पदाधिकारी द्वारा प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए **बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के अंतर्गत नियम–14 (i) के अधीन निन्दन, नियम–14 (ii) के अधीन प्रोन्नति पर तीन वर्षों तक रोक तथा नियम–14 (vi) के तहत 'दो वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से अवरूद्ध करने की' शास्ति विनिश्चित की गयी है। साथ ही श्री सिंह को आदेश निर्गमन की तिथि से निलंबन मुक्त करते हुए 1. निलंबन अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा, 2. निलंबन की अवधि मात्र पेंशन प्रयोजन के लिए परिगणित की जाएगी**, विनिश्चित किया गया।

7. श्री सिंह के विरूद्ध विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक–5742 दिनांक–12.04.2022 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श / सहमति की मांग की गयी। उक्त के आलोक में आयोग के पत्रांक–817 दिनांक–06.06.2022 द्वारा अनुषासनिक प्राधिकार द्वारा विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गयी।

8. अतः उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में प्रतिवेदित आरोप, संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन, जांच प्रतिवेदन पर श्री सिंह से प्राप्त लिखित अभिकथन / कारणपृच्छा के समीक्षोपरान्त श्री सिंह के विरूद्ध **बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के अंतर्गत नियम–14 (i) के अधीन निन्दन, नियम–14 (ii) के अधीन प्रोन्नति पर तीन वर्षों तक रोक तथा नियम–14 (vi) के तहत 'दो वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से अवरूद्ध करने की' शास्ति विनिश्चित की गयी है। साथ ही श्री सिंह को आदेश निर्गमन की तिथि से निलंबन मुक्त करते हुए 1. निलंबन अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा, 2. निलंबन की अवधि मात्र पेंशन प्रयोजन के लिए परिगणित की जाएगी** का निर्णय लिया गया।

9. अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार **बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के अंतर्गत नियम–14 (i) के अधीन निन्दन, नियम–14 (ii) के अधीन प्रोन्नति पर तीन वर्षों तक रोक तथा नियम–14 (vi) के तहत 'दो वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से अवरूद्ध करने की' शास्ति अधिरोपित एवं संसूचित की जाती है। साथ ही श्री सिंह को**

आदेश निर्गमन की तिथि से निलंबन मुक्त किया जाता है। 1. इन्हें निलंबन अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा, 2. इनका निलंबन की अवधि मात्र पेंशन प्रयोजन के लिए परिगणित की जाएगी।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27 / आरोप–01–106 / 2019–सा0प्र0–10326

———

23 जून 2022

श्री प्रहलाद लाल, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 773 / 11, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, सासाराम के पदस्थापन काल से संबंधित नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1228 दिनांक–17.05.2013 द्वारा वर्ष 2011–12 में विधि व्यवस्था संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने एवं वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने से संबंधित आरोप पत्र प्रपत्र–'क' कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायी गयी।

2. उक्त के आलोक में विभागीय स्तर पर गठित व अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा अनुमोदित आरोप–पत्र पर विभागीय पत्रांक–487 दिनांक–09.01.2015 द्वारा श्री लाल से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। स्मारोपरांत कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् बेनीपुर के पत्रांक–877 दिनांक–18.10.2017 द्वारा श्री लाल का स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ।

3. विभागीय पत्रांक–14976 दिनांक–27.11.2017 द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना से श्री लाल द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर विभागीय मंतव्य की मांग की गयी।

4. नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–761 दिनांक–08.02.2018 द्वारा श्री लाल के स्पष्टीकरण पर प्रेषित मंतव्य में श्री लाल के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा को यथावत् रखा गया।

5. सम्यक् समीक्षा के उपरांत विभागीय संकल ज्ञापांक–5326 दिनांक–19.04.2018 के द्वारा मामले की विस्तृत जांच हेतु विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी तथा आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया। आयुक्त पटना प्रमंडल, पटना के आदेश ज्ञापांक–798 / स्था0 दिनांक–11.05.2018 द्वारा इस विभागीय कार्यवाही को संयुक्त आयुक्त, विभागीय जांच, पटना प्रमंडल, पटना को हस्तांतरित कर दिया गया।

6. संयुक्त आयुक्त, विभागीय जांच, पटना प्रमंडल, पटना के पत्रांक–1420 दिनांक–05.11.2019 के द्वारा जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ। संचालन पदाधिकारी द्वारा श्री लाल के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप संख्या–(i) को प्रमाणित तथा आरोप संख्या–(ii) व (iii) को अंशतः प्रमाणित बताया गया।

7. विभागीय पत्रांक–970 दिनांक–20.01.2020 के द्वारा संचालन पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन पर बचाव–बयान / लिखित अभिकथन की मांग की गयी। श्री लाल, सेवानिवृत के पत्रांक–02/R-C- पटना दिनांक–25.04.2022 द्वारा अपना बचाव–बयान समर्पित किया गया।

8. आरोपित पदाधिकारी श्री लाल के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, संचालन पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन एवं बचाव–बयान की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी और पाया गया कि दशहरा एवं छठ पूजा जैसे संवेदनशील त्योहार के अवसर पर श्री लाल द्वारा कर्त्तव्य निर्वहन में शिथिलता बरती गयी, जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई एवं आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिला पदाधिकारी, रोहतास के स्पष्ट निदेश के बावजूद ये अनुमति प्राप्त किये बिना ही दशहरा एवं छठ पूजा त्योहार पर मुख्यालय से बाहर गये, जो उनकी कार्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को दर्शाता है। अतएव इनका स्पष्टीकरण / बचाव बयान स्वीकार योग्य नहीं है।

10. श्री लाल दिनांक–28.02.2022 को वार्धक्य से0नि0 हो चुके हैं। इनके विरूद्ध इनके सेवाकाल में चल रही विभागीय कार्यवाही को विभागीय आदेश ज्ञापांक–7299 दिनांक–17.05.2022 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43(बी) में संपरिवर्तित किया गया।

11. समीक्षोपरान्त श्री प्रहलाद लाल, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 773 / 11, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, सासाराम द्वारा कर्त्तव्य निर्वहन में बरती गयी लापरवाही, दायित्वहीन एवं अनुशासनहीनता के लिए **बिहार पेंशन नियमावली 1950 के नियम 43(बी) के संगत प्रावधानों के तहत पेंशन की 2 प्रतिशत राशि अगले 2 वर्षों तक अवरूद्ध रखने का दंड** अधिरोपित करने का निर्णय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिया गया है।

12 अतएव श्री प्रहलाद लाल, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक 773 / 11, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, सासाराम सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध **बिहार पेंशन नियमावली 1950 के नियम 43(बी) के संगत प्रावधानों के तहत पेंशन की 2 प्रतिशत राशि अगले 2 वर्षों तक अवरूद्ध रखने का दंड** अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

सं0 27/आरोप–01–46/2020–सा0प्र0–10334

23 जून 2022

श्री रमेश प्रसाद दिवाकर (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 1208/11 भूमि सुधार उप समाहर्ता, शेरघाटी, गया के पद पर पदस्थापित थें। दिनांक 10.11.2012 को परिवादी श्री संतोष कुमार, मुखिया, कचौड़ी पंचायत से उनके पंचायत अंतर्गत मनरेगा योजना में कराये गये कार्य की स्थल जाँच में उनके पक्ष में रिपोर्ट देने के लिए 40 हजार रू0 रिश्वत लेते रंगे हाथ आर्थिक अपराध इकाई के नेतृत्व में धावा दल द्वारा गिरफ्तार किये जाने की सूचना जिला पदाधिकारी, गया के पत्रांक 4824 दिनांक 24.11.2012 द्वारा प्राप्त होने पर अनुशासनिक प्राधिकार के अनुमोदन से श्री दिवाकर को Bihar C.C.A Rules, 2005 के नियम–9 (1)(ग) के तहत दिनांक 10.11.2012 के प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए विभागीय संकल्प ज्ञापांक 693 दिनांक 14.01.2013 द्वारा निलंबित किया गया।

श्री दिवाकर के विरूद्ध दर्ज आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या–28/12 दिनांक 09.11.2012 में विधि विभाग के आदेश ज्ञापांक 05 दिनांक 08.01.2013 द्वारा अभियोजन स्वीकृत किया गया है।

2. जिला पदाधिकारी, गया द्वारा श्री दिवाकर के विरूद्ध कर्त्तव्यों के प्रति शिथिलता, वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना, जनता दरबार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की उपेक्षा, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता आदि से संबंधित प्रतिवेदित आरोपों के आलोक में इस विभाग के स्तर से आरोप पत्र गठित कर अनुशासनिक प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त किया गया तथा आरोपित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर समीक्षोपरान्त विभागीय संकल्प ज्ञापांक 4506 दिनांक 03.04.2014 द्वारा श्री दिवाकर के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसमें आयुक्त, मगध प्रमण्डल, गया को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

3. आयुक्त, मगध प्रमण्डल, गया के पत्रांक 679/विधि दिनांक 20.02.2021 द्वारा इस विभाग को जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें इनके विरूद्ध सभी आरोपों को प्रमाणित पाया गया है।

4. विभागीय पत्रांक 3342 दिनांक 09.03.2021 द्वारा श्री दिवाकर को जाँच प्रतिवेदन की प्रति भेजते हुए उनसे लिखित अभिकथन की मांग की गयी। श्री दिवाकर ने अपने पत्र (दिनांक 12.07.2021) द्वारा लिखित अभिकथन समर्पित किया।

5. अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री दिवाकर के विरूद्ध गठित आरोप, संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं आरोपित पदाधिकारी के बचाव बयान के समीक्षोपरान्त बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (यथा संशोधित) के नियम–14 के संगत प्रावधानों के तहत अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री रमेश प्रसाद दिवाकर (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 1208/11 के विरूद्ध **"सेवा से बर्खास्तगी, जो सामान्यतया सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हरता होगी"** का दंड विनिश्चित किया गया।

6. अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री दिवाकर के विरूद्ध विनिश्चित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक 10279 दिनांक 10.09.2021 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श/सहमति की मांग की गयी। आयोग के पत्रांक–3331 दिनांक–11.02.2022 द्वारा आयोग का अभिमत प्राप्त हुआ, जिसमें आयोग द्वारा विभागीय दंड प्रस्ताव पर सहमति दी गयी है।

7. बिहार लोक सेवा आयोग से सहमति के उपरांत श्री रमेश प्रसाद दिवाकर, कोटि –1208/11, तत्कालीन भूमि सुधार उपसमाहर्ता, शेरघाटी, गया सम्प्रति निलंबित को **"सेवा से बर्खास्तगी, जो सामान्यतया सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हरता होगी"** संबंधी संलेख/प्रस्ताव विभागीय पत्रांक–4455 दिनांक–24.03.2022 द्वारा राज्य मंत्रिपरिषद् को स्वीकृति हेतु भेजा गया। राज्य मंत्रिपरिषद् की दिनांक–04.04.2022 को संपन्न बैठक में मद संख्या–05 के रूप में सम्मिलित करते हुए उक्त संलेख/प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी। तदुपरांत विभागीय संकल्प ज्ञापांक 5851 दिनांक 13.04.2022 द्वारा श्री रमेश प्रसाद दिवाकर को **"सेवा से बर्खास्तगी, जो सामान्यतया सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हरता होगी"** का दण्ड अधिरोपित एवं संसूचित किया गया।

8. उक्त दण्डादेश के विरूद्ध श्री रमेश प्रसाद दिवाकर द्वारा पुनर्विलोकन अर्जी समर्पित किया गया, जिसमें उनका कहना है कि उनके विरूद्ध आरोप का गठन बिना किसी साक्ष्य के किया गया। जिला पदाधिकारी, गया से प्राप्त आरोप पत्र बिना साक्ष्य के प्राप्त हुआ है। उनके विरूद्ध विभागीय स्तर पर आरोप के गठन में सी0सी0ए0 रूल्स 2005 के नियम–17 के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया गया है। प्रपत्र 'क' के गठन से संबंधित उनसे न तो कोई स्पष्टीकरण पूछा गया और नियम–17 का पूर्णतः उल्लंघन करते हुए विभागीय कार्यवाही का संकल्प निर्गत किया गया। संचालन पदाधिकारी के समक्ष सुनवाई के दौरान कई बार आरोप के संदर्भ में साक्ष्यों की मांग की गयी लेकिन साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया। बिना साक्ष्य के ही बचाव–बयान मांगा गया। इस प्रकार स्वयं पर लगे आरोप का प्रतिवाद किया गया।

9. श्री दिवाकर द्वारा समर्पित पुनर्विलोकन अर्जी एवं संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार के स्तर से की गयी और यह पाया गया कि विभागीय कार्यवाही में आरोपी पदाधिकारी का बर्ताव सर्वथा असहयोगात्मक रहा एवं इनके द्वारा विभागीय कार्यवाही को विलंबित करने का पूरा प्रयास किया गया। आरोपित पदाधिकारी के द्वारा 45 प्रकार के कागजातों की मांग की गयी, उपलब्ध अभिलेख अपर समाहर्ता, गया के पत्रांक 2937 दिनांक 06.10.2017 एवं पत्रांक 3147 दिनांक 28.10.2017 द्वारा उन्हें उपलब्ध करा दी गयी। आरोपी पदाधिकारी कई तिथियों पर लगातार अनुपस्थित रहे। कठोर निदेश दिये जाने पर वे यदा–कदा सुनवाई हेतु उपस्थित हुए और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर बचाव–अभिकथन समर्पित करने का बार–बार निदेश दिये जाने के बावजूद वे टाल–मटोल करते रहें।

आरोपी पदाधिकारी को सुनवाई की कई तिथियों में स्पष्ट रूप से निदेश दिया गया कि वे अपना बचाव अभिकथन समर्पित करें, किन्तु आरोपों से संबंधित कागजात नहीं होने का बहाना कर ये बचाव अभिकथन समर्पित करने से बचते रहे।

दिनांक 28.11.2020 को संचालन पदाधिकारी द्वारा उनके मांगे गये सभी कागजात का परिशीलन भी किया गया। तदुपरांत दो कागजात क्रम संख्या–18 और 28 को पुनः उपलब्ध कराने हेतु प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी को निदेश दिया गया। शेष कागजात के संबंध में पाया गया कि वे सभी Public Domain में हैं और इस विभागीय कार्यवाही की सुनवाई में अप्रासंगिक भी है तथा विभागीय कार्यवाही में टाल–मटोल करने के उद्देश्य से ऐसे कागजात की मांग की जा रही है। श्री दिवाकर का रवैया अप्रासंगिक कागजात को मांग कर विभागीय कार्यवाही को विलंबित रखने का रहा है।

10. आरोपी पदाधिकारी के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, संचालन पदाधिकारी के मंतव्य एवं आरोपी पदाधिकारी के पुनर्विलोकन अभ्यावेदन की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षोपरान्त श्री दिवाकर द्वारा समर्पित पुनर्विलोकन पत्र में किसी नये तथ्य का उल्लेख नहीं रहने एवं पूर्व के तथ्यों की पुनरावृति किये जाने के कारण पुनर्विलोकन अभ्यावेदन को अस्वीकार करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक 5851 दिनांक 13.04.2022 द्वारा संसूचित दण्ड यथा **"सेवा से बर्खास्तगी जो सामान्यतया सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरहर्ता होगी"** को यथावत रखा जाता है।

आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27 / आरोप–01–46 / 2020–सा0प्र0–10614

———

28 जून 2022

श्री कृष्ण कुमार उपाध्याय, बि.प्र.से., कोटि क्रमांक–1355 / 11 तत्कालीन वरीय उप समाहर्त्ता–सह–प्रभारी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (ICDS), कैमूर, भभुआ के विरूद्ध समाज कल्याण विभाग के पत्रांक–1463 दिनांक–26.02.2020 द्वारा आरोप पत्र इस विभाग को उपलब्ध कराया गया। प्रतिवेदित आरोप के आलोक में विभागीय पत्रांक–5671 दिनांक–15.06.2020 द्वारा श्री उपाध्याय से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री उपाध्याय के पत्रांक–18 दिनांक–14.01.2021 द्वारा अपना स्पष्टीकरण इस विभाग को समर्पित किया गया। समर्पित स्पष्टीकरण की छायाप्रति संलग्न करते हुए विभागीय पत्रांक–1688 दिनांक–08.02.2021 द्वारा समाज कल्याण विभाग से मंतव्य की मांग की गयी। समाज कल्याण विभाग के पत्रांक–2023 दिनांक–12.04.2022 द्वारा उक्त स्पष्टीकरण पर मंतव्य उपलब्ध कराया गया।

श्री कृष्ण कुमार उपाध्याय, बि.प्र.से., कोटि क्रमांक–1355 / 11 तत्कालीन वरीय उप समाहर्त्ता–सह–प्रभारी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (ICDS), कैमूर, भभुआ के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण एवं समाज कल्याण विभाग से प्राप्त मंतव्य की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षोपरांत श्री उपाध्याय के विरूद्ध प्रस्तुत प्रकरण को संचिकास्त करते हुए उन्हें भविष्य के लिए सचेत किया जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27 / आरोप–01–15 / 2022–सा0प्र0–10670

———

29 जून 2022

श्री नौशाद अहमद, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–674 / 11, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, मधुबनी के विरूद्ध राज्य सूचना आयोग के वाद संख्या 85706 / 12–13 (सुनील नायक बनाम लोक सूचना पदाधिकारी–सह–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, मधुबनी) में दिनांक 05.12.2017 को पारित आदेश के अनुपालन में नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 3006 दिनांक 04.06.2018 द्वारा आरोप पत्र गठित कर उपलब्ध कराया गया, जिसमें श्री अहमद के विरूद्ध आवेदक को गलत सूचना देने के साथ ही आयोग को भी दिग्भ्रमित करने का आरोप प्रतिवेदित है।

2. उक्त आरोपों के आलोक में श्री अहमद से विभागीय पत्रांक 10518 दिनांक 06.08.2018 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री अहमद ने पत्रांक 2735 दिनांक 11.09.2018 द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया। श्री अहमद के स्पष्टीकरण पर विभागीय पत्रांक 14623 दिनांक 06.11.2018 द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना से मंतव्य उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

3. नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 176 दिनांक 20.01.2022 द्वारा मंतव्य प्राप्त हुआ जिसमें श्री अहमद के स्पष्टीकरण को स्वीकार योग्य नहीं मानते हुए उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

4. नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त आरोप पत्र के आधार पर विभागीय स्तर पर गठित एवं अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा अनुमोदित आरोप पत्र के आलोक में विभागीय पत्रांक 3882 दिनांक 14.03.2022 द्वारा श्री अहमद से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री अहमद के पत्रांक 1193 दिनांक 26.03.2022 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया।

5. श्री अहमद के विरूद्ध गठित आरोप पत्र, उनके स्पष्टीकरण एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के मंतव्य की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षोपरांत यह पाया गया कि श्री अहमद द्वारा सूचना उपलब्ध कराने में लापरवाही बरती गयी।

इस प्रकार श्री नौशाद अहमद, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, मधुबनी के स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 (यथा संशोधित) के नियम–14 के संगत प्रावधानों के अंतर्गत **निन्दन (आरोप वर्ष 2014) की शास्ति** अधिरोपित करने का निर्णय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा लिया गया है।

6. अतएव श्री नौशाद अहमद, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–674/11, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, मधुबनी के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 (यथा संशोधित) के नियम–14 के अन्तर्गत **निन्दन (आरोप वर्ष 2014) की शास्ति** अधिरोपित एवं संसूचित की जाती है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27/आरोप–01–15/2021–सा0प्र0–10941

———

1 जुलाई 2022

श्री प्रमोद कुमार, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–973/11, तत्कालीन अनुमण्डल पदाधिकारी, डुमरॉव, बक्सर के पदस्थापन काल में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा यात्रा के दौरान दिनांक–12.01.2018 को नन्दन ग्राम, डुमरॉव, बक्सर में घटित घटना से संबंधित गृह विभाग (विशेष शाखा) के पत्रांक–7502 दिनांक–14.08.2018 के साथ आयुक्त, पटना प्रमण्डल, पटना एवं पुलिस महानिरीक्षक, पटना प्रक्षेत्र, पटना को संयुक्त जाँच प्रतिवेदन श्री प्रमोद कुमार, तत्कालीन अनुमण्डल पदाधिकारी, डुमरॉव, बक्सर के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा सहित प्राप्त हुआ।

2. उक्त अनुशंसा के आलोक में जिला पदाधिकारी बक्सर द्वारा निदेशित कार्यों यथा विधि व्यवस्था के संधारण हेतु आसूचनाओं का संग्रहण एवं आकलन का निर्वहन नहीं करने के आरोप के लिये विभागीय पत्रांक–14295 दिनांक–31.10.2018 के द्वारा श्री प्रमोद कुमार, तत्कालीन अनुमण्डल पदाधिकारी, डुमरॉव, बक्सर से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। स्मारोपरान्त स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने के कारण इस विभाग के स्तर से आरोप पत्र गठित करते हुये अनुशासनिक प्राधिकार के अनुमोदनोपरान्त विभागीय पत्रांक–14472 दिनांक–03.12.2021 द्वारा श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उक्त के आलोक में श्री कुमार का स्पष्टीकरण पत्रांक–440 दिनांक–28.02.2022 द्वारा प्राप्त हुआ।

3. श्री प्रमोद कुमार, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–973/11, तत्कालीन अनुमण्डल पदाधिकारी, डुमरॉव, बक्सर के विरूद्ध गठित आरोप पत्र, उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षोपरान्त श्री कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 (यथा संशोधित) के नियम–14 (3) के अंतर्गत भविष्य के लिये **चेतावनी** दी जाती है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27/आरोप–01–18/2021–सा0प्र0–11218

———

6 जुलाई 2022

श्री प्रभात कुमार झा, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–966/11, तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचल अधिकारी, अरेराज को उनके पदस्थापन काल वर्ष 2007 में अरेराज नगर पंचायत क्षेत्र में पूर्व से तनाव की जानकारी रहने के बावजूद अंचल अमीन के प्रतिवेदन एवं ओ0पी0 प्रभारी अरेराज द्वारा दी गयी सूचना की उपेक्षा करते हुए एक विवादित भूमि के सीमांकन हेतु स्वयं उपस्थित नहीं रहकर प्रभारी अंचल निरीक्षक, जो एक राजस्व कर्मचारी थे, को दण्डाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त करने तथा श्री झा द्वारा भूमि मापी की तिथि निर्धारण किये जाने के फलस्वरूप दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में दो व्यक्तियों का घायल होने तथा एक निर्दोष व्यक्ति की गोली लगने से मृत्यु होने से विधि–व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने के कारण संबंधित आरोप प्रतिवेदित किया गया। प्रतिवेदित आरोप के आलोक में श्री झा से प्राप्त स्पष्टीकरण का अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा समीक्षोपरान्त इनको विभागीय संकल्प ज्ञापांक 4917 दिनांक 30.03.2022 द्वारा (क) निन्दन (आरोप वर्ष 2007) तथा (ख) एक वेतन वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से अवरूद्ध रखने की शास्ति अधिरोपित एवं संसूचित की गयी।

2. श्री झा के पत्रांक 52 दिनांक 22.04.2022 द्वारा पुनर्विलोकन अभ्यावेदन समर्पित करते हुए संसूचित दण्ड पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है।

अपने अभ्यावेदन में श्री झा का कहना है कि उक्त विवादित भूमि की मापी के लिये दोनों पक्षों द्वारा अनुरोध किया गया था। उनके अनुरोध के आलोक में उक्त भूमि की मापी का आदेश दिया गया। अरेराज, ओ0पी0 की अनुपस्थिति की सूचना प्राप्त होते ही मापी स्थगित कर दी गयी थी। मापी स्थगन की सूचना सभी संबंधित को देने इत्यादि का पूरा वर्णन मूल अभिलेख में दर्ज है, जो वर्तमान में अंचल कार्यालय, अरेराज में उपलब्ध नहीं है। जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी

के पत्रांक 66/स्था0 दिनांक 02.04.2022 द्वारा दण्ड संसूचित किये जाने के पश्चात सामान्य प्रशासन विभाग को श्री झा के विरूद्ध गठित आरोप पत्र पर मंतव्य उपलब्ध कराया गया है, जिसमें उनके स्पष्टीकरण को स्वीकार योग्य बताया गया है। इसे अलावा श्री झा द्वारा अपने अभ्यावेदन में पूर्व के तथ्यों की पुनरावृति की गयी है।

3. श्री झा के पुनर्विलोकन अभ्यावेदन का अनुशासनिक प्राधिकार के स्तर पर समीक्षोपरान्त यह स्पष्ट हुआ है कि श्री झा द्वारा विवादित भूमि की मापी हेतु जल्दी–जल्दी (दिनांक 11.07.2007, 13.07.2007 एवं 16.07.2007) तिथियाँ निर्धारित करने का कोई औचित्य स्थापित नहीं किया गया है। जबकि ओ0पी0 अध्यक्ष, अरेराज अवकाश में थे। अवर निरीक्षक के द्वारा मामले की संवेदनशीलता के मद्देनजर स्वयं उपस्थित होकर मापी का अनुरोध किया गया था, परन्तु दिनांक 13.07.2007 को इन्होंने दिनांक 16.07.2007 की मापी के लिए प्रभारी अंचल निरीक्षक राम बहादुर राम को दण्डाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया था, जबकि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इन्हें स्वयं उपस्थित रहकर मापी करानी चाहिए थी। इस प्रकार श्री झा उक्त मामले में विधि व्यवस्था का आकलन करने में असफल रहे, जो उनके दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता और लापरवाही का द्योतक है। इनकी संवेदनहीनता और लापरवाही के कारण दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें दो व्यक्ति घायल हुए तथा अकारण एक निर्दोष व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। अतएव उनका अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं है।

4. अतएव उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त श्री प्रभात कुमार झा, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–966/11, तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचल अधिकारी, अरेराज के पुनर्विलोकन आवेदन को अस्वीकृत करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक 4917 दिनांक 30.03.2022 द्वारा अधिरोपित दण्ड यथा (क) निन्दन (आरोप वर्ष 2007) तथा (ख) एक वेतन वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से अवरूद्ध रखने की शास्ति को यथावत रखा जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27/मुक0–05–05/2020–सा0प्र0–11348

———

7 जुलाई 2022

श्री मनोज कुमार रजक, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–893/11, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, नरकटियागंज, बेतिया द्वारा बिहार बोर्ड नियमावली के नियम 332 एवं 333 की अनदेखी करने, प्रखंड नजारत के रोकड़बही का सामयिक प्रविष्टी नहीं कराने एवं शिथिलता बरते जाने से संबंधित आरोप प्रपत्र–'क' जिला पदाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण, बेतिया के पत्रांक–65 दिनांक–23.01.2008 द्वारा प्रतिवेदित किया गया।

विभागीय संकल्प ज्ञापांक–6333 दिनांक–11.06.2008 द्वारा श्री रजक को निन्दन का दंड वर्ष 2006–07 के लिये संसूचित किया गया। उक्त दण्ड के विरूद्ध श्री रजक द्वारा पुनर्विलोकन अर्जी दायर की गयी। विभागीय संकल्प ज्ञापांक–1829 दिनांक–25.02.2010 द्वारा पुनर्विलोकन अर्जी को अस्वीकृत करते हुए उक्त दण्ड को यथावत रखा गया।

उक्त दण्ड के विरूद्ध श्री रजक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सी.डब्लू.जे.सी. संख्या–13168/2010 दायर किया गया। उक्त वाद में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक–18.04.2018 को पारित आदेश के आलोक में विभागीय संकल्प ज्ञापांक–12308 दिनांक–20.10.2021 द्वारा विभागीय संकल्प ज्ञापांक–6333 दिनांक–11.06.2008 को वापस लिया गया।

उक्त पारित न्यायादेश में दिये गये निदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण द्वारा प्रतिवेदित आरोप पत्र के आधार पर विभाग के स्तर से आरोप पत्र गठित करते हुए अनुशासनिक प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत विभागीय पत्रांक–12354 दिनांक–21.10.2021 द्वारा श्री रजक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री रजक के पत्रांक–19–795 दिनांक–17.05.2022 द्वारा अपना स्पष्टीकरण इस विभाग को उपलब्ध कराया गया।

श्री मनोज कुमार रजक, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–893/11, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, नरकटियागंज, बेतिया के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षोपरांत श्री रजक के स्पष्टीकरण को स्वीकार योग्य नहीं पाते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (यथा संशोधित) के नियम 14(i) के संगत प्रावधानो के तहत "**निन्दन (आरोप वर्ष–2006–07)** का दण्ड अधिरोपित एवं संसूचित किया जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

———

सं0 27/आरोप–01–61/2019–सा0प्र0–11352

———

7 जुलाई 2022

श्री कृष्ण कन्हैया प्रसाद सिंह, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–654/11, तत्कालीन अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, टेकारी, गया सम्प्रति अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि व्यवस्था, पटना के विरूद्ध विभागीय कार्य में अभिरूचि नहीं

लेने, लापरवाही बरतने तथा पदीय दायित्वों की जिम्मेवारी नहीं लेने एवं अनुशासनहीनता का आरोप इस विभाग को उपलब्ध कराया गया।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में विभागीय स्तर पर आरोप पत्र गठित कर अनुशासनिक प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त किया गया। विभागीय पत्रांक–12050 दिनांक–08.10.2021 द्वारा श्री सिंह को स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया। श्री सिंह के पत्रांक–211 दिनांक–22.11.2021 द्वारा स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया गया।

विभागीय पत्रांक–803 दिनांक–21.01.2022 द्वारा जिला पदाधिकारी, गया से समर्पित स्पष्टीकरण पर मंतव्य की मांग की गयी। जिला पदाधिकारी, गया के पत्रांक–948 दिनांक–17.06.2022 द्वारा वांछित मंतव्य इस विभाग को उपलब्ध कराया

श्री कृष्ण कन्हैया प्रसाद सिंह, बि0प्र0से0, कोटि क्रमांक–654/11, तत्कालीन अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, टेकारी, गया सम्प्रति अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि व्यवस्था, पटना के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप, उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण एवं जिला पदाधिकारी, गया से प्राप्त अद्यतन मंतव्य की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षोपरांत इस प्रकरण को संचिकास्त किया जाता है।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रविन्द्रनाथ चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 21—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in